Hirnoda.com · आसान गाइड

# वेबसाइट कैसे इस्तेमाल करें

हर सेवा का तरीका फोटो और कदम-दर-कदम। मोबाइल में hirnoda.com खोलें या QR स्कैन करें — सब कुछ बिल्कुल मुफ़्त है।


**शुरुआत: ऐप इंस्टॉल करें, सूचनाएँ चालू करें** — hirnoda.com — पेज 2

**गाँव की समस्या दर्ज करें** — hirnoda.com/shikayat — पेज 3

**मतदाता सूची में नाम खोजें** — hirnoda.com/matdata-suchi — पेज 4

**डिजिटल ब्लड बैंक** — hirnoda.com/digital-blood-bank — पेज 5

**गाँव का जनमत (पोल)** — hirnoda.com/gaon-ka-jansamat — पेज 6

**सरपंच संकल्प पत्र** — hirnoda.com/sankalp-patra — पेज 7

**हिरनोदा ग्रामवासी कार्ड** — hirnoda.com/mera-hirnoda-card — पेज 8

**गाँव के बारे में लेख लिखें** — hirnoda.com/lekh-likhen — पेज 9

**हिरनोदा जन-निर्देशिका** — hirnoda.com/hirnoda-jan-nirdeshika — पेज 10

**हिरनोदा बाज़ार — पशु, रोज़गार, मदद** — hirnoda.com/hirnoda-bazar — पेज 11

**और सेवाएँ — एक नज़र में** — QR से सीधे खोलें — पेज 12


**hirnoda.com**

स्कैन करें — वेबसाइट खुल जाएगी

हर सेवा का आवाज़ वाला वीडियो भी उपलब्ध है

# 🚀 शुरुआत: ऐप और सूचनाएँ

hirnoda.com को फ़ोन में ऐप की तरह जोड़ें और सूचनाएँ चालू करें — गाँव की हर नई बात सबसे पहले आपके फ़ोन पर।

hirnoda.com




**1** hirnoda.com खोलें — ऊपर मेनू, नीचे होम/समस्या/हेल्पलाइन/शेयर की पट्टी




**2** नीचे "हिरनोदा ऐप फ़ोन में जोड़ें" आए तो "इंस्टॉल करें" दबाएँ




**3** "सूचनाएँ चालू करें" वाला डिब्बा — "हाँ, सूचना चालू करें" दबाएँ




**4** फ़ोन पूछे तो Allow / अनुमति दें — सूचनाएँ चालू

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. मोबाइल के Chrome में hirnoda.com लिखकर खोलें — या पंपलेट/गाइड का QR स्कैन करें
2. ऐप की तरह जोड़ें: नीचे आए डिब्बे में "इंस्टॉल करें" दबाएँ
3. डिब्बा न आए तो Chrome के ⋮ मेनू में "ऐप इंस्टॉल करें / होम स्क्रीन पर जोड़ें" चुनें
4. iPhone: Safari में शेयर ⬆️ बटन → "Add to Home Screen" → Add
5. अब होम स्क्रीन पर हिरनोदा का आइकन — एक टच में खुलेगी, Play Store की ज़रूरत नहीं
6. सूचनाएँ: "🔔 सूचना चालू करें" दबाएँ → "हाँ, सूचना चालू करें" → Allow
7. नई समस्या, समाधान, रक्तदाता, मज़दूर/मदद की ज़रूरत, नई ख़बर — सब फ़ोन पर
8. सूचना बंद करनी हो: Chrome → hirnoda.com की साइट सेटिंग → Notifications → बंद

### ध्यान दें

- ऐप, वेबसाइट और सूचनाएँ — सब मुफ़्त हैं; कोई नाम या नंबर नहीं माँगा जाता।
- दिन में 2–3 से ज़्यादा सूचना नहीं आती।
- iPhone पर सूचनाएँ तभी आती हैं जब वेबसाइट "Add to Home Screen" से जोड़ी गई हो।

# 📝 गाँव की समस्या दर्ज करें

सड़क, पानी, बिजली, सफ़ाई — कोई भी समस्या फोटो के साथ 2 मिनट में दर्ज करें और शिकायत नंबर से उसकी स्थिति देखते रहें।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 3: समस्या किस बारे में है — जैसे 'सड़क व गली'




2 कदम 6: मौके की फोटो जोड़ें — कैमरा या गैलरी खुलेगी




3 कदम 8: वार्ड चुनें और पहचान की जगह लिखें




4 कदम 11: शिकायत नंबर मिलेगा — इसे सँभालकर रखें

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. hirnoda.com खोलें और ऊपर पीला बटन 'समस्या दर्ज करें' दबाएँ
2. 'समस्या बताएँ' चुनें (सुझाव देना हो तो 'सुझाव दें')
3. समस्या किस बारे में है — जैसे 'सड़क व गली'
4. एक लाइन में शीर्षक लिखें
5. पूरा विवरण लिखें — कहाँ, कब से, क्या परेशानी
6. मौके की फोटो जोड़ें — कैमरा या गैलरी खुलेगी
7. अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखें
8. वार्ड चुनें और पहचान की जगह लिखें
9. नाम छिपाना हो तो 'मेरी पहचान गोपनीय रखें' पर टिक करें
10. सहमति पर टिक करें और 'समस्या दर्ज करें' दबाएँ
11. शिकायत नंबर मिलेगा — इसे सँभालकर रखें
12. सबकी समस्याएँ और उन पर हुआ काम: hirnoda.com/samasya

### ध्यान दें

- मौके की साफ़ फोटो हो तो समस्या जल्दी समझ आती है।
- शिकायत नंबर और मोबाइल नंबर से स्थिति देखें: hirnoda.com/samasya
- चाहें तो अपनी पहचान गोपनीय रख सकते हैं।

# मतदाता सूची में नाम खोजें

अपना नाम लिखें — वार्ड, क्रम संख्या, मकान नंबर, बूथ और PDF का सही पेज तुरंत पता चलेगा।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: 'अपना नाम खोजें' बॉक्स में नाम लिखें — हिंदी या English




2 कदम 2: वार्ड, क्रम संख्या, मकान नंबर और बूथ दिखेगा




3 कदम 6: ढाणी / मोहल्ला लिखें — पता चलेगा किस वार्ड में है




4 कदम 8: वार्ड की पूरी सूची PDF में देखें या डाउनलोड करें

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. 'अपना नाम खोजें' बॉक्स में नाम लिखें — हिंदी या English
2. वार्ड, क्रम संख्या, मकान नंबर और बूथ दिखेगा
3. 'PDF' दबाएँ — सूची का वही पेज खुलेगा
4. 'WhatsApp' से यह जानकारी परिवार को भेजें
5. नाम न मिले? वार्ड चुनें या पिता/पति का नाम भी लिखें
6. ढाणी / मोहल्ला लिखें — पता चलेगा किस वार्ड में है
7. नक्शे पर टैप करें — बड़ा दिखेगा
8. वार्ड की पूरी सूची PDF में देखें या डाउनलोड करें

### ध्यान दें

- यह सूची केवल जानकारी के लिए है — अंतिम मान्य सूची BLO / राज्य निर्वाचन आयोग की है।
- नाम न मिले तो स्पेलिंग बदलें, वार्ड चुनें, या अपने BLO से संपर्क करें।
- वोट डालने जाते समय पहचान पत्र साथ ले जाएँ।

# 🩸 डिजिटल ब्लड बैंक

ज़रूरत के समय ब्लड ग्रुप से गाँव के रक्तदाता खोजें — और ख़ुद भी रक्तदाता बनें।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: मरीज़ का ब्लड ग्रुप चुनें — जैसे B+




2 कदम 2: उस ग्रुप को खून दे सकने वाले दाता दिखेंगे




3 कदम 4: ख़ुद रक्तदाता बनें — नीचे फ़ॉर्म में अपना ब्लड ग्रुप चुनें




4 कदम 7: जाँच के बाद आपका नाम सूची में जुड़ जाएगा

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. मरीज़ का ब्लड ग्रुप चुनें — जैसे B+
2. उस ग्रुप को खून दे सकने वाले दाता दिखेंगे
3. 'कॉल' या 'WhatsApp' दबाकर सीधे बात करें
4. ख़ुद रक्तदाता बनें — नीचे फ़ॉर्म में अपना ब्लड ग्रुप चुनें
5. नाम, मोबाइल नंबर और वार्ड लिखें
6. WhatsApp हो तो टिक करें, शर्तों पर टिक करके 'नाम जोड़ें' दबाएँ
7. जाँच के बाद आपका नाम सूची में जुड़ जाएगा

### ध्यान दें

- इमरजेंसी में एम्बुलेंस के लिए 108 पर कॉल करें।
- रक्तदाता का पूरा नंबर पेज पर नहीं दिखता — कॉल / WhatsApp बटन से बात करें।
- 18 से 65 वर्ष, 45 किलो से ज़्यादा वज़न वाले स्वस्थ व्यक्ति ही रक्तदान करें।

# 📊 गाँव का जनमत (पोल)

गाँव में पहले कौन-सा काम हो? एक टैप में अपनी राय दें, नतीजा तुरंत देखें।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: सवाल ध्यान से पढ़ें




2 कदम 2: अपनी पसंद के काम पर टैप करें

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. सवाल ध्यान से पढ़ें
2. अपनी पसंद के काम पर टैप करें
3. वोट करते ही नतीजा दिखेगा — एक फ़ोन से एक वोट
4. 'WhatsApp पर भेजें' — परिवार और गाँव के ग्रुप में

### ध्यान दें

- एक फ़ोन से एक ही वोट गिना जाता है।
- यह पोल गाँव की राय जानने के लिए है — कोई आधिकारिक चुनाव या सर्वे नहीं।

# 📜 सरपंच संकल्प पत्र

प्रत्याशी गाँव के कामों का सार्वजनिक संकल्प लेकर अपना पोस्टर बनाएँ और शेयर करें।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: प्रत्याशी का नाम लिखें




2 कदम 4: जिन कामों का संकल्प लेते हैं, उन पर टिक करें (10 तक)




3 कदम 6: 'संकल्प पत्र स्वीकार करें' दबाएँ — पोस्टर बन जाएगा

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. प्रत्याशी का नाम लिखें
2. पद चुनें — सरपंच, उप-सरपंच या वार्ड पंच
3. अपनी फोटो चुनें — चेहरा साफ़ दिखे
4. जिन कामों का संकल्प लेते हैं, उन पर टिक करें (10 तक)
5. कोई और संकल्प हो तो लिखें (ज़रूरी नहीं)
6. 'संकल्प पत्र स्वीकार करें' दबाएँ — पोस्टर बन जाएगा
7. पोस्टर डाउनलोड करें या WhatsApp पर भेजें

### ध्यान दें

- यह सुविधा सभी प्रत्याशियों के लिए समान रूप से खुली है।
- फोटो और जानकारी सिर्फ़ आपके फ़ोन में रहती है, वेबसाइट पर सेव नहीं होती।
- कृपया राज्य निर्वाचन आयोग की आचार संहिता का पालन करें।

# 🪪 हिरनोदा ग्रामवासी कार्ड

अपनी फोटो से गर्व वाला कार्ड बनाएँ और WhatsApp स्टेटस पर लगाएँ।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: अपना नाम लिखें




2 कदम 5: अपनी बात चुनें — या ख़ुद लिखें




3 कदम 6: 'मेरा कार्ड देखें' दबाएँ




4 कदम 7: कार्ड तैयार! WhatsApp पर शेयर करें या डाउनलोड करें

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. अपना नाम लिखें
2. सेल्फी लें या फोटो चुनें
3. चुनें — आप हिरनोदा के निवासी, बेटा, बेटी या बहू
4. अभी कहाँ / क्या करते हैं (ज़रूरी नहीं)
5. अपनी बात चुनें — या ख़ुद लिखें
6. 'मेरा कार्ड देखें' दबाएँ
7. कार्ड तैयार! WhatsApp पर शेयर करें या डाउनलोड करें

### ध्यान दें

- आपकी फोटो और नाम वेबसाइट पर सेव नहीं होते — कार्ड आपके फ़ोन में ही बनता है।
- कार्ड पर लगे QR से दूसरे लोग भी अपना कार्ड बना सकते हैं।

# ✍️ गाँव के बारे में लेख लिखें

गाँव का इतिहास, कार्यक्रम, उपलब्धि या परंपरा — लिखकर भेजें, जाँच के बाद आपके नाम से प्रकाशित होगा।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: पहले पढ़ें — किन बातों पर लिख सकते हैं




2 कदम 4: पूरा लेख लिखें — कम से कम 150 अक्षर




3 कदम 5: मुख्य फोटो लगाएँ (और चाहें तो 6 तक और फोटो)




4 कदम 9: जाँच के बाद लेख आपके नाम से प्रकाशित होगा

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. पहले पढ़ें — किन बातों पर लिख सकते हैं
2. लेख का शीर्षक लिखें
3. श्रेणी चुनें — जैसे 'कार्यक्रम'
4. पूरा लेख लिखें — कम से कम 150 अक्षर
5. मुख्य फोटो लगाएँ (और चाहें तो 6 तक और फोटो)
6. अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखें (नंबर प्रकाशित नहीं होगा)
7. आप कौन हैं — एक लाइन (ज़रूरी नहीं)
8. पुष्टि पर टिक करें और 'लेख जाँच के लिए भेजें' दबाएँ
9. जाँच के बाद लेख आपके नाम से प्रकाशित होगा

### ध्यान दें

- लेख और फोटो आपके अपने हों, या उन्हें छापने की अनुमति हो।
- किसी व्यक्ति, जाति, धर्म या समूह के बारे में अपमानजनक बात न लिखें।
- आपका मोबाइल नंबर कभी प्रकाशित नहीं होता; ईमेल देंगे तो लेख छपते ही सूचना मिलेगी।

# 📒 हिरनोदा जन-निर्देशिका

गाँव के लोग, दुकानें और सेवाएँ — नंबर खोजें और अपना नाम भी जोड़ें।

📱 पेज खोलें

▶️ वीडियो देखें




1 कदम 1: नाम लिखें या काम चुनें, फिर 'खोजें' दबाएँ




2 कदम 2: 'कॉल करें' से सीधे बात करें, Maps से रास्ता देखें




3 कदम 6: मोहल्ला, काम और काम का विवरण




4 कदम 8: जाँच के बाद आपका नाम निर्देशिका में दिखेगा

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. नाम लिखें या काम चुनें, फिर 'खोजें' दबाएँ
2. 'कॉल करें' से सीधे बात करें, Maps से रास्ता देखें
3. अपना नाम जोड़ने के लिए यह बटन दबाएँ
4. अपनी फोटो लगाएँ
5. पूरा नाम और मोबाइल नंबर लिखें
6. मोहल्ला, काम और काम का विवरण
7. सहमति पर टिक करें और 'नाम जोड़ें' दबाएँ
8. जाँच के बाद आपका नाम निर्देशिका में दिखेगा

### ध्यान दें

- आपका नाम एडमिन की जाँच के बाद ही निर्देशिका में दिखता है।
- जानकारी बदलवानी या हटवानी हो तो WhatsApp 9166228481 पर बताएँ।

# 🛒 हिरनोदा बाज़ार — पशु, रोज़गार, मदद

पशु व यंत्र खरीदें-बेचें, मज़दूर-कारीगर ढूँढें या काम पाएँ, और किसी काम में मदद या जान-पहचान माँगें — सब मुफ़्त।

hirnoda.com/hirnoda-bazar




1 तीन बाज़ार एक पेज पर — पशु बाज़ार, रोज़गार, मदद




2 विज्ञापन डालते समय चुनें कि विज्ञापन किस बारे में है




3 मदद व जान-पहचान — नंबर, दफ़्तर, यूनिवर्सिटी, इलाज...

## पूरा तरीका, कदम-दर-कदम

1. मेनू → सेवाएँ → "हिरनोदा बाज़ार" खोलें, ऊपर से पशु / रोज़गार / मदद चुनें
2. पसंद का विज्ञापन दिखे तो "कॉल करें" या "WhatsApp" दबाकर सीधे बात करें
3. अपना विज्ञापन: "+ विज्ञापन डालें" दबाएँ और चुनें — पशु/सामान, मज़दूर/कारीगर, या मदद
4. श्रेणी चुनें, छोटा शीर्षक और पूरी जानकारी लिखें (पशु के लिए फोटो ज़रूरी)
5. नाम, मोबाइल, जगह लिखें, सहमति पर टिक करें और भेजें
6. जाँच के बाद विज्ञापन 60 दिन तक दिखेगा
7. मिला हुआ गुप्त लिंक सँभालें — काम होने पर उसी से "बिक गया / आदमी मिल गया / मदद मिल गई" दबाएँ

### ध्यान दें

- पशु या सामान ख़ुद देखकर ही पैसे दें; पहले से एडवांस न भेजें।
- काम दिलाने या मदद करवाने के नाम पर किसी को पहले पैसे न दें; रिश्वत या ग़लत काम की बात न करें।
- किसी दूसरे व्यक्ति का निजी नंबर या पता विज्ञापन में न लिखें।

# 🧭 और सेवाएँ — एक नज़र में

फ़ोन के कैमरे से QR स्कैन करें — सीधा वही पेज खुलेगा। सब कुछ मुफ़्त है।

**📋 गाँव की समस्याएँ और उन पर हुआ काम**
hirnoda.com/samasya

**📞 इमरजेंसी हेल्पलाइन**
hirnoda.com/helpline

**👥 सरपंच, अधिकारी व जनप्रतिनिधि**
hirnoda.com/adhikari-nirdeshika

**🏗️ सरपंच के विकास कार्य**
hirnoda.com/vikas-karya

**💰 पंचायत का हिसाब**
hirnoda.com/panchayat-ka-hisab

**📈 मंडी भाव व मौसम**
hirnoda.com/mandi-bhav

**🏛️ सरकारी वेबसाइटें (SSO, आधार...)**
hirnoda.com/important-government-website

**▶️ YouTube पर सभी वीडियो**
YouTube प्लेलिस्ट

**📖 वेबसाइट कैसे चलाएँ — गाइड पेज**
hirnoda.com/website-kaise-chalayen

### किसी को सिखाना हो तो

- यह गाइड या hirnoda.com/website-kaise-chalayen पेज गाँव के WhatsApp ग्रुप में भेजें।
- हर सेवा का आवाज़ वाला वीडियो उसी पेज के नीचे और YouTube पर है।
- कोई दिक़्क़त हो तो WhatsApp 9166228481 पर संदेश भेजें।